



# हादसों का बुधवार : सड़क दुर्घटनाओं में 6 की मौत

## डेढ़ दर्जन से अधिक घायल, कई गंभीर हायर सेन्टर के लिए रेफर

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अप्रैल. सतना और मैहर जिले में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर कई दर्दनाक सड? हादसे हुए। कहीं तेज रफ्तार ट्रक और बाइक की टक्कर में जान चली गई, तो कहीं वाहन पलटने और भिड़ंत में लोग घायल हो गए। दिनभर जिले में हादसों की खबरें आती रहीं।**

सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर कोठी थाना क्षेत्र के बगिया मोड़ के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दादूलाल रैकवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनकी भाभी रेशू गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा, लेकिन रास्ते में रेशू ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में 5 वर्षीय बच्चा घायल हुआ है, जिसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक ओवरटेक करते समय गलत दिशा में चली गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।





रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-39 के नेमुआ मोड़ के पास बुधवार सुबह सरिया से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए नहर में गिर गया। हादसे में चालक, क्लीनर और एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था और शव अंदर फंस गए थे। पुलिस ने क्रेन और कटर मशीन की मदद से करीब 4 घंटे रेस्क्यू चलाकर शव बाहर निकाले। दो मृतकों की पहचान दिलीप केवट और विष्णु केवट के रूप में हुई है, जबकि तीसरे की पहचान नहीं हो सकी है।

**बस ट्रक में टक्कर**-बुधवार सुबह यात्रियों से भरी बस को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा सतना नदी के पास हुआ। बस सतना से अमरपाटन जा रही थी। टक्कर से बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो यात्री बिमला और सुरेश कुमार पांडेय घायल हुए। अन्य सभी यात्री सुरक्षित रहे। प्राथमिक कार्रवाई के बाद बस को करीब आधे घंटे बाद फिर रवाना कर दिया गया।

**कार ट्रैक्टर की भिड़ंत**-सतना नदी के पास बुधवार को कार और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बताया गया कि कार सवार लोग शादी समारोह में शामिल होकर प्रतापगढ़ जा रहे थे। हादसे में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

**कार पलटी, 2 गंभीर**-मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 के पाल मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से शादी समारोह में शामिल होकर नागपुर जा रहे थे। सूचना मिलने पर हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया गया।

**बाइक को बुलेरो ने मारी टक्कर**- मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में बिहारी बाग के पास अज्ञात बुलेरो वाहन ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बाइक पर सवार महिला सहित दो लोग घायल हुए हैं। दोनों अमरपाटन से रामनगर जा रहे थे।

### हाइवा ने बाइक सवार को कुचला



सतना के सोहावल बायपास पर बुधवार को भीषण सड? हादसा हुआ। हाइवा वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# खेत में भड़की आग से किसान की मौत

## मड़ैया में लगी आग बुझाने के दौरान हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अप्रैल. जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र में आग लगने से एक अधेड़ किसान की मौत हो गई। संत टोला वार्ड क्रमांक 11 निवासी मुन्नीलाल त्रिपाठी ( 55 ) अपने खेत में बनी मड़ैया में सो रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेत में लगी आग तेजी से फैलते हुए मड़ैया तक पहुंच गई और देखते ही देखते विकराल हो गई। आग की चपेट में आने से वहां रखा सामान भी जलने लगा। मड़ैया और सामान को बचाने के प्रयास में मुन्नीलाल त्रिपाठी गंभीर रूप से झुलस गए।



आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अधिक झुलसने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जैतवारा थाना प्रभारी अभिषेक पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ग्रामीणों में नाराजगी

कोठी अस्पताल में पोस्टमार्टम को लेकर डॉक्टरों द्वारा आनाकानी किए जाने की बात सामने आई है, जिससे परिजनों में नाराजगी देखी गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में लगने वाली आग अक्सर बड़े हादसों का कारण बनती है। उन्होंने प्रशासन से नरवाई जलाने पर रोक और त्वरित नियंत्रण के इंतजाम करने की मांग की है।

# नरवाई की आग ने लील लिए कई घर, फसल भी जली

## दमकल के समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अप्रैल. जिले में बुधवार दोपहर नरवाई की आग ने विकराल रूप ले लिया। खेतों से उठी लपटें रजरवार और माधवपुर गांवों के रिहायशी इलाकों तक पहुंच गईं, जिससे किसानों की फसलें और आधा दर्जन से अधिक घर जलकर खाक हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटर क्षेत्र के रजरवार गांव में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां रामलला सिंह की खलिहान में रखी गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई। वहीं राजेंद्र सिंह का मकान और गृहस्थी का सामान भी आग की चपेट में आकर राख हो गया। इतना ही नहीं बल्कि माधवपुर के गोस्वामी मोहल्ले में भी आग तेजी से फैल गई, जिससे कई घरों को नुकसान पहुंचा। आग की भयावहता से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने खुद पानी और



मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के कारण हालात काबू में नहीं आ सके। वहीं नागौद क्षेत्र के मढ़ी गांव में भी नरवाई की आग ने भारी नुकसान पहुंचाया। यहां लखनलाल दहिया के घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान, नगदी और एक मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

### बाधित किया मार्ग

दमकल के देर से पहुंचने पर नाराज ग्रामीणों ने सतना-सेमरिया मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि समय पर मदद मिलती तो इतना बड़ा नुकसान टाला जा सकता था।

# शहर में कुत्ते का आतंक, 2 दर्जन से अधिक को काटा

## उपचार कराने को लेकर जिला चिकित्सालय में लगी रही कतार

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अप्रैल. एक कुत्ता कितना आतंक फैला सकता है इसकी एक बानगी बुधवार को शहर में देखने को मिली. शहर के गहरानाला क्षेत्र से लेकर अस्पताल चौक तक के क्षेत्र में जहां तहां भागते हुए उस कुत्ते ने 2 दर्जन से अधिक लोगों को बुरी तरह घायल कर दिया. जिसका नतीजा यह हुआ कि जिला चिकित्सालय में उपचार कराने के लिए लोगों की कतार लगी रही.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर बाद एक सफेद रंग का आवारा कुत्ता अचानक पागलों जैसी हरकत करने लगा. बताया गया कि सबसे पहले गहरा नाला क्षेत्र में उस कुत्ते ने बिना वजह ही पास से गुजर रहे दो लोगों पर बुरी तरह झपट पड़ा. हलांकि आस पास मौजूद लोगों द्वारा पत्थर और डंडे की मदद से डराने के बाद कुत्ता वहां से भाग गया. लेकिन तब तक दोनों लोगों का पैर लहुलुहान हो चुका था. इसी कड़ी में कुत्ता गहरा नाला से भागते हुए रीवा रोड की ओर पहुंचा. जहां पर एक एक करके उसने एक व्यापारी सहित 3 लोगों को काट लिया. वहां से भगाए जाने पर कुत्ता कृष्णनगर रोड की ओर पहुंच गया. इस दौरान रास्ते में उसे जो भी नजर आता वह झपट पड़ता. जिसके बाद वह कुत्ता जगतदेव तालाब रोड से होते हुए अस्पताल चौक तक भागता रहा. इस दौरान उसने 2 दर्जन से अधिक लोगों पर हमला किया. कुत्ते के काटने से घायल होने वालों में पुरुष, महिला, बच्चे और वृद्ध सभी शामिल रहे. प्रभावितों में से कुछ को तो गहरे घाव भी हो गए थे. इस घटना का असर यह रहा कि देखते ही देखते जिला चिकित्सालय में उपचार कराने वालों की लंबी कतार लगनी शुरु हो गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए आरएमओ डॉ. शरद दुबे भी अस्पताल की ओपीडी और माइनर ओटी में पहुंच गए. कुत्ते के काटने से घायल सभी लोगों को टिटनेस और एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए जाने लगे. वहीं कुछ घायलों की चोट को देखते हुए उन्हें भर्ती होने की सलाह दी गई. इस घटना से आक्रोशित लोगों ने नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि चाहे आवारा मवेशियों का मामला हो अथवा कुत्तों का जिम्मेदारों द्वारा कभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती.



### मचा रहा हड़कंप

जिला चिकित्सालय में कुत्ते के काटने से संबंधित मरीजों की बाढ़ आती देख वहां पर मौजूद स्टॉफ के भी हाथ-पैर फूलने लगे . आलम यह रहा कि कुछ लोगों को पर्ची जनरेट करने के बाद भीड़ को देखते हुए सादे कागज पर ही नाम लिख कर उपचार के लिए थमाया जाने लगा . अस्पताल पहुंचने वाले लोगों में नीरज मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, वंदना केशरवानी, रज्जू वर्मा, अब्दुल सलीम, संदरलाल चौधरी, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद तौफीक, रामनिवास वर्मा, नुसरत साहनी महेश गुप्ता, संजय खरे, सौरभ पाण्डेय, राजेंद्र गुप्ता, मोहम्मद ताहिर, राजेंद्र कुरील, दीप नारायण वर्मा, जैकब सिद्दीकी और रामसूरत कुशवाहा सहित अन्य शामिल रहे . गौरतलब है कि शहर भर में 3 दर्जन से अधिक लोगों को घायल करने के बाद वह कुत्ता अचानक कहीं गायब हो गया .

# नारी शक्ति अधिनियम को लेकर महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा ने पुतला फूंका

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अप्रैल. केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गये नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दलो द्वारा किए गये विरोध के खिलाफ भाजपा मलिा मोर्चा एवं भारती जनता युवा मोर्चा द्वारा शहर के पन्नीलाल चैक मे राहुल गांधी एवं प्रमुख विपक्षी दल के नेताओ का पुतला फूक कर विरोध प्रदर्शन किया गया।**

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की विशेष मौजूदगी मे आयोजित इस विरोध प्रदर्शन मे भाजपा महिला मोर्चा, भाजपा युवा मोर्चा सहित सर्व समाज की महिलाओ ने कन्या महाविद्यालय से एक रैली निकाली जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुयी पन्नीलाल चैक पहुची जहा पर ब?ी संख्या मे महिला मोर्चा व युवा मोर्चाके कार्यकर्ताओ ने विपक्षी नेताओ का पुतला फूक कर विरोध प्रदर्श किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि नारी सशक्तिकरण को लेकर पेश किया गया यह विधेयक कांग्रेस



सहित अन्य विपक्षी दलो के विरोध के कारण पारित नही हो सका। उन्होने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान और सशक्तिकरण ही विकसित भारत की मजबूत नीव है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा मे महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा कि विपक्षी दलो की राजनीति के कारण यह प्रयास बाधित हुआ है जो महिलाओ के प्रति उनकी सोच को दर्शाता है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश की नारी को उनका अधिकार दिलाने के लिए अडिग है और यह अधिकार उन्हे आवश्य दिलायेगें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह परिहार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने हर बार की तरह एक बार फिर अपना महिला विरोधी चरित्र उजागर किया गया है। उन्होने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अन्तर्गत महिलाओ को मिलने वाले आरक्षणका विरोध कर विपक्ष ने देश की आधी आबादी के अधिकारो की चोट की है जिसे पूरा देश देख रहा है.

# सुंदरा से सिंहपुर मार्ग के ध्वस्त होने पर कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

## कलेक्टर से चर्चा कर सड़क मरम्मत की मांग : दिलीप

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अप्रैल. जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने सुंदरा से सिंहपुर कोठी जैतवारा सड़क मार्ग की अत्यंत जर्जर हालत पर गहन चिंता व्यक्त की है.**

श्री मिश्रा विगत दिनों रैगांव विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान यह पाया कि जिले में इससे खराब सड़क कोई नहीं है एक तरफ सरकार सड़क के अच्छाई के नाम पर अपनी बाह-बाही लूट रही है वहीं दूसरी तरफ इस सड़क कि हालत ऐसी हो गई है कि इस सड़क में रोज एक्सीडेंट हो रहे हैं लोग विकलांग हो रहे हैं श्री मिश्रा ने इस सड़क की मरम्मत तत्काल कराए जाने की आवश्यकता को महसूस करते हुए कलेक्टर को एक पत्र लिखकर दूरभाष से चर्चा कर सड़क को तत्काल मोटरेबल बनाने की मांग की है श्री मिश्रा ने जिले के उन तमाम चुने हुए सांसद विधायको एवं मंत्रियों से भी मांग की है कि इस



रोड का भ्रमण करें एवं देखें कि सड़क की क्या हालत हो गई है और उन्हें अपनी जवाबदारी निभाने के लिए क्या करना चाहिए और वह क्यों नहीं कर रहे हैं यह एक बड़ा प्रश्न उस क्षेत्र की जनता जनार्दन के जेहन में घूम रहा है क्योंकि दो महीने बाद इस सड़क से आवागमन बंद हो जाने की पूरी संभावना है श्री मिश्रा ने इस सड़क के रख रखाव में लाखों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है की सड़क के चीथडे अभी भी उड़े हुए हैं और कागजों में सड़क की मरम्मत हो गई श्री मिश्रा ने इस सड़क के रखरखाव में कागजों में हुई मरम्मत के जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# शोभायात्रा में सहयोग के लिए जताया आभार

**सतना, 22 अप्रैल.** विगत सोमवार



को परशुराम जयंती पर परशुराम एकता समन्वय समिति द्वारा आयोजित विशाल शोभायात्रा यात्रा के संयोजक रत्नाकर चतुर्वेदी ने यात्रा शामिल में सभी संत जनों, वरिष्ठ जनों, विप्र जनों, मातृ शक्तियों सहित यात्रा में जय घोष के साथ स्वागत करने वाले व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों सभी का आभार व्यक्त किया है।

# आगजनी से गेहूं की तबाह हुई फसल पर मुआवजे की मांग

## सांसद ने कलेक्टर के सामने रखी बात

नवभारत न्यूज

**सतना, 22 अप्रैल. लोकसभा क्षेत्र सतना अंतर्गत सतना एवं मैहर जिले के कई ग्रामों में आगजनी की घटनाओं से किसानों की गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।**

आग लगने की सूचना मिलते ही सतना सांसद गणेश सिंह ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए सतना और मैहर के कलेक्टरों से दूरभाष पर चर्चा की। सांसद श्री



सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन किसानों की गेहूं की फसल तथा अन्य संपत्ति को नुकसान हुआ है, उनका तत्काल सर्वे कराया जाए और प्रकरण तैयार कर शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी एवं आवश्यक रोकथाम उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। सांसद गणेश सिंह ने प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आद्यगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव उपलक्ष्य में हुई 'ब्राह्मण बनाम ब्राह्मण' पर विचार-गोष्ठी

नवभारत न्यूज

**सतना 22 अप्रैल - ऊँ जय जगदीश आरती के रचयिता के परिवार द्वारा स्वतन्त्रता से पूर्व गठित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्त्वावधान में आद्यगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज होटल महामाया सभागार, सतना में दिल्ली से पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कुलदीप भारद्वाज की उपस्थिति में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया.**

जिसमें धर्म एवं जाति से इतर



शहर के कुछ प्रमुख गैर-राजनैतिक मनोज शुक्ला, देवेन्द्र मिश्रा, मनोज तिवारी, पूर्व सांसद प्रत्याशी अजीज अहमद कुरैशी सनातनी, रोहित तिवारी, प्रमोद मिश्रा जैसे सनातन प्रेमियों द्वारा आद्यगुरु शंकराचार्य के कार्यों एवं वर्तमान ब्राह्मण नेताओं की कार्यशैली पर निष्पक्ष चर्चा की गई । उपरोक्त विचार-गोष्ठी में पं. मनीष तिवारी ने इस प्रकार के आयोजनों को युवा पीढ़ी के लिये आवश्यक बताते हुए कहा कि अधिकतर ब्राह्मण संगठन वर्ष में एकबार परशुराम जयंती का आयोजन कर सुप्तावस्था में चले जाते हैं जबकि ना केवल समाज के लिये वरन सनातन एवं राष्ट्र के लिये भी ब्राह्मण समाज को ऐसे आयोजन करते रहने चाहियें । संगठन के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद मिश्रा ने ब्राह्मण नेताओं को राजनैतिक चरण चुम्बक ना बनने की सलाह दी क्योंकि इससे राजनीतिक दल ब्राह्मण वोटों को झूठे वादों के बल पर अपने पक्ष में लुभाने का प्रयास करते हैं ।

## एक नजर में



### विश्व हिंदू परिषद की विभाग बैठक आयोजित

**सतना।** विश्व हिंदू परिषद की विभाग बैठक केशव माधव गौ शाला में भगवान राम दरबार के सम्मुख दीप प्रचलन के साथ प्रारंभ हुई । विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री विपिन सिंह ने बताया कि बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई जिसमें सतना विभाग के मैहर पन्ना, कटनी और सतना के परिषद के जिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में मंच पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सेवा विभाग अजय पारिख , प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा ,प्रांत मंत्री उमेश मिश्रा, प्रांत उपाध्यक्ष सीमा सिंह उपस्थित रहे, विभाग मंत्री विपिन सिंह ने बैठक का संचालन किया बैठक में समाज के सामने चुनौतियां समाधान और सेवा कार्य की योजना बनाई गई।

### कांग्रेस सदैव महिला विरोधी : पंडित कमलाकर चतुर्वेदी



सतना । भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित कमलाकर चतुर्वेदी ने कांग्रेस को महिला विरोधी बताते हुए कटाक्ष किया है कि कांग्रेस पार्टी सदैव महिलाओं का अपमान करती है वह हमेशा से संसद में महिला आरक्षण के विरोध में रही है 60 वर्षों के शासनकाल में कभी भी कांग्रेस ने नारी उत्थान का कार्य नहीं किया आज भी कांग्रेस महिलाओं को टिकट देने तक में परहेज करती है दूसरी तरफ भाजपा नीत सरकार महिलाओं के उत्थान में हमेशा आगे रहती है तथा उनके उन्मूलन की कार्य योजनाएं संचालित करती है।

### गेहूं खरीदी पर सरकार की नीयत एवं नीति स्पष्ट नहीं



**सतना।** भाजपा सरकार किसानों के लिए अभिशाप है गेहूं खरीदी पर जिस प्रकार से भाजपा सरकार लेट लतीफी की सतना जिले में 15 अप्रैल से खरीदी का फरमान जारी किया गया लेकिन जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सतना जिले मे आज भी कई समितियों में खरीदी शुरू नहीं हो पाई जिले का किसान भटक रहा है भाजपा सरकार की गेहूं खरीदी को लेकर नियत ठीक नही लग रही पांच एकड़ तक के किसानों के स्लाड कुछ समितियों मे तो बुक किये गए है लेकिन पांच एकड़ से ऊपर के किसानों को स्लाड न मिलना ये दर्शाता है कि सरकार किसानों के साथ भेद भाव कर रही है

### रक्त दान जागरूकता स्कूटर-बाइक रैली आज

**सतना,** संत निरंकारी मंडल की आध्यात्मिक शाखा संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ब्रांच सतना के द्वारा दिनांक,23 अप्रैल की शाम 4 बजे विशाल रक्त दान जागरूकता स्कूटर - बाइक रैली निकाली जाएगी। यह पावन दिवस बाबा गुरबचन सिंह जी एवं चाचा प्रताप सिंह जी की दिव्य स्मृति को समर्पित है, जिनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, समर्पण और नि:स्वार्थ सेवा की अद्वितीय मिसाल रहा है। संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना से रेली निकल कर जगत देव तालाब रोड होते,हॉस्पिटल चौक, पन्नी लाल चौक, चौक बाजार,बिहारी चौक, जयस्तंभ चौक,स्टेशन रोड, सर्किट हाउस चौक, रीवा रोड, सेमरिया चौक, बिरला रोड,सिंधी कालोनी के मुख्य मार्गो से होते हुए संत निरंकारी सत्संग भवन सिंधी कालोनी में सम्पन्न होगी।